न्यूज 1 नजर में

24 बोतल अवैध शराब बरामद

बरठीं । तलाई पुलिस थाना क्षेत्र के तहत डूहक में एक व्यक्ति से 24 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंकुश ठाकुर निवासी डूहक की पशुशाला के पास स्थित बांस के पेड के नीचे दो गते की पेटियों में कुल 24 बोतल अवैध शराब बरामद की है।

युवक ने शराब के नशे में निगला जहरीला पदार्थ, हमीरपुर रेफर

भराड़ी । भराड़ी पुलिस थाना क्षेत्र के तहत हंबोट गांव में एक 27 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में धुत होकर कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवक की तबीयत बिगड़ती देख परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भराड़ी लेकर गए। जहां पर प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सक ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कालेज हमीरपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंकित कुमार आयु 27 वर्ष निवासी हंबोट ने शराब पीने के बाद जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए भराड़ी लेकर गए। जहां से उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से हमीरपुर रेफर कर दिया गया। हमीरपुर में युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है। उधर, डीएसपी घुमारवीं चंद्रकांत सिंह ने बताया कि थाना भराड़ी में मामला दर्ज कर लिया गया है।

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले किया विवाहिता का शव

बिलासपुर। बिलासपुर सदर पुलिस क्षेत्र के तहत नोआ गांव के पास स्थित बल्ह नाले के किनारे 16 जुलाई से लापता 22 वर्षीय विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को नोआ गांव के पास स्थित बल्ह खड्ड के पास एक व्यक्ति घासनी में दवा स्प्रे करने वाले व्यक्ति ने नाले के किनारे पडे एक शव को देखा था। उस व्यक्ति ने इस संबंध में तुरंत ग्रामीणों व परिवारजनों को सूचित किया। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को सूचित किया। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय राजकुमार ने कहा कि मायके वालो को मौके पर बुलाया गया था। वह पोस्ट मार्टम के दौरान भी मौजूद रहे। अभी तक उनकी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पुलिस ने शव पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। तथा मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मेल मेले के आयोजन पर की चर्चा

घुमारवीं। उपमंडल की ग्राम पंचायत कुठेड़ा में (बडु देव) मेल मेले की रूप रेखा को लेकर बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत कुठेडा के प्रांगण किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत कुठेडा के प्रधान व कमिटी के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने की। हर साल यह मेला सितंबर में आयोजित किया जाता है। इस मेले में पिछले साल से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है और इस वर्ष भी इस मेले में कुछ अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं को जोड़ने के ऊपर भी चर्चा कि गई। गौरतलब है कि यह मेला लोगों के जन सहयोग से होता है । लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए पिछले साल की अपेक्षा इस साल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन करवाने के ऊपर फैसला लिया गया। जिसमें सब लोगों ने सहमति जताई। लोगों के मनोरंजन के लिए इन सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों के अलावा हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध गायक कलाकारों को बुलाया जाएगा। कुठेड़ा ग्राम पंचायत के महिला मंडल व युवक के अलावा पड़ोसी पंचायतों के महिला मंडलों व युवक मंडल इस मेले में होने वाली सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 21 बेटियां भारत भ्रमण के लिए सेलेक्ट

बिलासपुर। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से जहां प्रयास फाउंडेशन के माध्यम से जहां खेल के क्षेत्र में युवक मंडलों, क्लबों व अन्य को विभिन्न खेल उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे है। इसी क्रम में जमा दो में मेरिट में आने वाली बच्चों के लिए निःशुल्क भारत भ्रमण भी करवाया जा रहा है। इस वर्ष हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 21 लड़कियों को भारत भ्रमण के लिए चयन किया गया है। जिसमें बिलासपुर से 4 लड़कियों का चयन हुआ है, जिसमें सदर कंदरौर की निचली भटेड़ से कनिका शर्मा, झंडूता के जामली से ज्योति मिश्रा, झंडूता के बलघार से सिया, साई खारसी से अलीशा शर्मा के चयन हुआ है। इनके चयन से इनके माता-पिता व परिजन काफी खुश है उन्होंने अनुराग ठाकुर का धन्यवाद व्यक्त किया है। बता दें कि ये सभी लड़कियां सोमवार को हमीरपुर से भारत भ्रमण के लिए रवाना होंगी। इनकी बस को पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की राह में बाधा बने एफसीए नियम

रूल्स के मुताबिक 1.67 हेक्टेयर भूमि स्थानांतरित करने का प्रावधान, चाहिए 50 बीघा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बिलासपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की अगुआई में भावी पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवर्नमेंट माडल डे बोर्डिंग स्कूल खोलने का ऐलान किया है। लेकिन बिलासपुर जिले में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की घोषणा पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा लगाई गई आपत्ति से इसके निर्माण में बाधा पैदा हो गई है। हालांकि शिक्षा विभाग ने जिले के के चारों विस क्षेत्रों में मुख्यमंत्री की योजना को अमलीजामा पहनाने की कसरत शुरू की गई थी।

मुख्यमंत्री द्वारा बजट में की गई घोषणा के तहत शिक्षा विभाग ने मार्च में चारों विस क्षेत्र में 50-50 बीघा जमीन चिह्नित कर दी थी तथा जमीन को विभाग के नाम करवाने के लिए औपचारिकताएं पूरी कर इसका केस बनाकर वन विभाग को सौंप दिया था। वन विभाग से चयनित जमीनों की एनओसी मिलने के बाद इन स्कूलों को स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू करने की योजना पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने यह कहकर रोड़ा अटका दिया है कि एफसीए नियम 1980 के तहत केवल 1.67 हेक्टेयर भमि ही विभाग के नाम हो सकती है।

एक हेक्टेयर में करीब चार बीघा जमीन होती है। इस लिहाज से केवल करीब नौ बीघा जमीन ही विभाग के नाम पर हो जाएगी जबकि ग्राउंड, स्वीमिंग पूल सहित अन्य आधारभूत ढांचा उपलब्ध करवाने के लिए करीब 50 बीघा जमीन उपलब्ध होना जरूरी है।

जिला में यहां-यहां बनने हैं स्कूल

बिलासपुर जिले में शिक्षा विभाग ने राजीव गांधी गवर्नमेंट डे बोर्डिंग माडल स्कूल के लिए सदर विस क्षेत्र के तहत लुहणू कनैता, घुमारवीं में हटवाड़, झंडूता में बैहरन और नयनादेवी विस क्षेत्र के तहत खुरानी में जगह चयनित की है। लेकिन इन स्कूलों के निमार्ण में बाधा बन रहा है। लिहाजा बिलासपुर जिले के चारों विस क्षेत्रों में खुलने वाले राजीव गांधी गवर्नमेंट माडल डे बोर्डिंग स्कूल के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि बिलासपुर के कोठीपुरा में एम्स खुलने के बाद यहां पर शिक्षण संस्थानों की कमी खलनी शुरू हो गई थी। एम्स में कार्यरत डाक्टर सहित अन्य स्टाफ को अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए स्तरीय स्कूल नहीं मिल रहे हैं। इस कारण कई डाक्टर यहां आने से कतरा रहे हैं।

▮ बिलासपुर के चार विधानसभा क्षेत्रों में प्रस्तावित हैं स्कूल

शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन के सहयोग से जमीनों का चयन कर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को ऑनलाइन आवेदन किया था। वहां से एफसीए नियम 1980 के तहत केवल 1.67 हेक्टेयर भमि ही विभाग के नाम होने की आपत्ति लगाई गई है। विभाग ने संबंधित आपत्ति पर अपना पक्ष रख दिया है। इसमें कहा गया है कि यह मुख्यमंत्री की घोषणा है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से इस बारे में जवाब आने के बाद ही आगामी स्थिति स्पष्ट होगी।

-**बीडी शर्मा**, उच्च शिक्षा उपनिदेशक, बिलासपुर।

बुहाड़ में शरारती तत्वों ने तोड़ी विधायक जेआर कटवाल की शिलान्यास पट्टिका

▮ पुलिस ने वार्ड मेंबर की शिकायत पर किया मामला दर्ज
▮ भाजपा विधायक ने 18 अप्रैल 2021 को किया था शिलान्यास

हिमाचल दस्तक ▮ शाहतलाई

ग्राम पंचायत पपलोआ के बुहाड़ में शरारती तत्वों द्वारा भाजपा विधायक जेआर कटवाल की शिलान्यास पट्टिका तोड़ दी है। पपलोआ पंचायत के वार्ड नंबर पांच के वार्ड सदस्य ने पुलिस थाना तलाई में शिलान्यास पट्टिका तोड़ने की शिकायत दर्ज करवाई है। उधर पुलिस थाना तलाई ने मामला दर्ज कर शरारती तत्वों की तलाश तेज कर दी है । वहीं शिलान्यास पट्टिका तोड़ने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी रोष जताया है। वंही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा शिलान्यास पट्टिका तोड़ने की कोई भी भनक नहीं लगी है। गौरतलब है कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के विधायक जीत राम कटवाल ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला बुहाड़ में बीते दो वर्ष पहले 18 अप्रैल 2021 को 18 लाख की लागत से बनने वाले दो कमरों व सीढ़ियों का शिलान्यास किया था । इस दौरान यहां पर शिलान्यास पट्टिका लगाई गई थी। राजकीय माध्यमिक पाठशाला बुहाड़ में कमरे बनकर तैयार हो गए हैं जबकि उन्हें सफेदी का कार्य चला हुआ है। पपलोआ पंचायत के वार्ड नंबर पांच के वार्ड सदस्य रामदयाल को इस बात का पता उस समय लगा, जब वह शनिवार को कमरों में हो रही सफेदी का जायजा लेने के लिए पाठशाला में गए तो उन्होंने देखा कि पाठशाला में विधायक जीत राम कटवाल के नाम की शिलान्यास पटिका को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया था। उन्होंने समय रहते ही इसकी शिकायत पुलिस थाना तलाई को दे दी।

झंडूता के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले की छानबीन करें। जिन अज्ञात लोगों ने यह शिलान्यास पट्टिका तोड़ी हैए उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं। उधर, पुलिस उपमंडलाधिकारी घुमारवीं चंद्रपाल से संपर्क किया तो उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि बुहाड़ में राजकीय माध्यमिक पाठशाला के कमरों के शिलान्यास पटिका तोड़ने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति शिलान्यास पट्टिका तोड़ने में दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग कलोल के सहायक अभियंता सचिन नड्डा से संपर्क किया तो उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि बुहाड़ स्कूल में शिलान्यास पट्टिका तोड़ने की कोई जानकारी नहीं है।

शिलान्यास पट्टिका तोड़ना घटिया मानसिकता को दर्शाता है। इस संबंध में पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया है।

-**जेआर कटवाल**, विधायक, झंडूता।

मोक्षधाम में किया पौधरोपण

हिमाचल दस्तक। भराड़ी

पर्यावरण को सरंक्षित करने व हरा-भरा रखना हम सभी का कर्तव्य है। उसी कड़ी में मोक्षधाम भदंसी लढ़यानी में ग्राम सुधार समिति द्वारा पीपल, वट, बिल, आंवला के पौधे समिति सदस्यों व ग्रामीणों ने मिलकर लगाए। ग्राम सुधार समिति प्रधान ने बताया कि उन्होंने अभी तक ग्रामीणों के सहयोग से 30 के करीब पीपल, वट, आंवला व बिल के पौधे अभी तक लगा चुके है । उन्होंने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है और हर व्यक्ति को एक एक पौधा लगाना चाहिए और उसको एक बच्चे की तरह पालना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गतवाड़ उपप्रधान अजय शर्मा, वार्ड सदस्य बनिता शर्मा, सूबेदार जगत राम, डॉ. जगदीश चंद्र, नंद लाल, सोमनाथ, राम अवतार, जगदीश शर्मा, ओम प्रकाश, सुरेश शर्मा, संगीता शर्मा, बाबू राकेश कुमार, रक्षा कपिल, प्रकाश चंद, कुसुम लता,परमानंद, राम स्वरूप, प्रमिला, विद्या देवी,वीना देवी, उमा देवी, राजेश, मनीष आदि उपस्थित रहे।

पानी की बूंद-बूंद को तरसा बिलासपुर शहर

लोअर मेन मार्केट में 2 दिन से नहीं आया पानी, डियारा सेक्टर में मटमैले पेयजल की हुई सप्लाई

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

विभिन्न समस्याओं का पर्याय बन चुके भाखड़ा विस्थापितों का शहर बिलासपुर बरसात के दिनों में भी पानी के लिए तरस रहा है। जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट लोगों ने जल शक्ति विभाग देख रहे मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से गुहार लगाई है कि बिलासपुर शहर में स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी देने की कृपा करें। इन्हीं विस्थापितों ने प्रदेश ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों को रोशन करने के लिए अपना सर्वस्व होम बिना विचारे कर दिया था, कितने ही राज्यों को अपना पानी देकर वहां की उन्नति और आर्थिकी को समृद्ध किया। लेकिन हैरानी की बात है कि इस शहर को भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से शहर के बीचोंबीच स्थित लोअर मेन मार्केट में पानी नहीं आ रहा है।

लोगों को जरूरत के लिए पानी का प्रबंध टैंकर से करना पड़ रहा है। मसलन लोग खरीद कर पानी पीने को विवश है। शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं होती है। लोअर मेन मार्केट निवासी जितेंद्र, संजू, राकेश, रणवीर सिंह, रजत व कृष्ण कुमार ने बताया कि दो दिनों से उनके नलों से पानी नहीं टपका है।

यदि विभाग इस बारे में पहले इतेलाह कर दे तो लोग पानी का प्रबंध कर लेते हैं किंतु रविवार को तय किए गए काम धरे के धरे रह गए। उन्होंने विभाग से मांग की है कि यदि पानी नहीं आता तो समय पर सूचना दी जानी चाहिए। वहीं बात यदि डियारा सेक्टर की करें तो यहां पर पानी की समस्या निरंतर बनी रहती है। जिसके पीछे विभागीय अधिकारी नाले के नौण पर बने पानी के टैंक की मोटरों की खराबी बताते हैं। पानी की समस्या पर तर्क दिया जाता है कि यह काम किसी ठेकेदार को दिया गया है तथा मोटर ठीक होने पर पानी वितरित होगा।

लोगों का कहना है कि शीघ्र ही उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से जल शक्ति विभाग मंत्री को इस समस्या के बारे में अवगत करवाया जाएगा ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

लोअर मेन मार्केट से किसी की कोई शिकायत नहीं आई है। यदि ऐसी समस्या है तो इसे जल्द ही चेक किया जाएगा। डियारा सेक्टर में आए मटमैले पानी कड़ा संज्ञान लिया जाएगा।

मुश्ताक अली, कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति विभाग,बिलासपुर

स्क्रब टाइफस लक्षण दिखे तो तुरंत करवाएं टेस्ट

▮ डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने क्षेत्रीय अस्पताल को टेस्टिंग बढ़ाने के दिए निर्देश, कहा-अपनी मर्जी से कोई भी दवाई न खाएं

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

बिलासपुर के उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा है कि बरसात के मौसम में स्क्रब टाइफ के मामलों में बढ़ोतरी की संभावना हमेशा बनी रहती है जिसको देखते हुए जिला क्षेत्रीय अस्पताल में भी स्क्रब टायफस की टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में डेंगू मलेरिया की फैलने कि संभावनाएं बनी रहती है।

उपायुक्त बिलासपुर ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति में स्क्रब टायफस के लक्षण दिखे तो वह तुरंत अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अवश्य टेस्ट करवाएं। उन्होंने कहां कि स्क्रब टाइफस एक संक्रामक बीमारी है जो प्रायः जानवरों में होने वाला मौसमी रोग है और मनुष्यों में आ जाता है। घास काटने गए या अन्य बाहरी कार्य के दौरान मनुष्य संक्रमित कीट चिगर्स द्वारा काटे जाने पर इस बीमारी से ग्रसित हो सकता है।

किसान, बागवान, खेतों या बगीचों में काम करने वाले मजदूर और अन्य कार्यों के लिए बाहर जाने वाले लोगों को इससे संक्रमित होने का ज्यादा खतरा रहता है। खेतों में पाए जाने वाले चूहे संक्रमण का मुख्य स्रोत हैं। स्क्रब टाइफस एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में नहीं फैलता। उन्होंने कहा कि यूं तो स्क्रब टायफस के मामले वर्ष भर देखने को मिलते हैं लेकिन बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल में जनवरी 2023 से अब तक 106 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि स्क्रब टायफस व डेंगू व अन्य बीमारियों के दौरान बुखार की समस्या बनी रहती है और सभी बीमारियों का इलाज अलग अलग है इसलिए यह आवश्यक है कि अपनी मर्जी से कोई भी दवाई न खाएं और स्क्रब टायफस से संबंधित लक्षणों को लेकर अगर किसी मरीज में गंभीर लक्षण दिखते हैं तो ओपीडी में जाकर चिकित्सक से जांच करवाकर टेस्ट करवाएं।

आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L40106HP2020PLC010065 | टेलीफोनः +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.iwel.co.in

30 जून 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2022 अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	34,950	73,385	21,117
2.	कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,455)	(69,248)	(13,465)
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	(6,455)	(69,248)	(13,465)
4.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,577)	(66,409)	(13,024)
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा कर पश्चात् अन्य व्यापक आय शामिल]	(6,622)	(66,214)	(13,034)
6.	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त		1,05,753.41	
7.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	1121	1121	1099
8.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(58.61)	(592.89)	(118.72)
	तरल (रु. में)	-	0.54	0.16

टिप्पणियाँः
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा इसके पश्चात् 29 जुलाई 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.iwel.co.in) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारीः (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2022 अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	175	1,245	244
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(107)	(305)	(87)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(90)	659	(46)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड हेतु
हस्ता/–
कलोल चक्रवर्ती
पूर्ण–कालिक निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 29 जुलाई, 2023

सतलुज सागर मोक्षधाम का होगा जीर्णोद्धार

▮ कसोल विकास मंच ने उठाया कायाकल्प का बीड़ा
▮ ग्रामीणों के सहयोग से अभी तक डेढ़ लाख किए खर्च

हिमाचल दस्तक ▮ बरमाणा

हरनोड़ा पंचायत के तहत गांव कसोल में बनी नई संस्था कसोल विकास मंच क्षेत्र में विकास कार्यों को करवाने का बीड़ा उठा रही है। इसी कड़ी के चलते कसोल विकास मंच ने पिछले कई वर्षों से कसोल गांव के वाशिंदों को बने शमशानघाट के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया है।

सतलुज किनारे बने शमशान घाट को सतलुज सागर मोक्षधाम का नया नाम दिया गया है। जिसमें क्षेत्र के लोगों को असुविधाओं का समाना करना पड़ा रहा था। कई बार यहां के स्थानीय लोगों को कोल बांध परियोजना के जल स्तर के बढ़ने व घटने से बने शमसान घाट में अंतिम संस्कार करना मुश्किलों हो जाता है। लोगों ने कई मर्तबा जिला प्रशासन को इस मसले को लेकर अवगत करवाया और पंचायत से एस्टीमेट भी बनवाया। यही नहीं यहां के विस्थापित एनटीपीसी प्रबंधन के समक्ष भी सतलुज सागर मोक्षधाम के पुननिर्माण की मांग को उठा चुके है। आखिर में ग्रामीणों ने सामूहिक राशि को इकट्ठा कर सतलुज सागर मोक्षधाम के जीर्णोद्धार के लिए कसोल विकास मंच के माध्यम से कार्य को करवा रहे हैं। जिसमें अभी तक डेढ़ लाख से भी ऊपर खर्च हो चुका है।

कसोल में सतलुज किनारे बने श्मशानघाट के जीर्णोद्धार के काम जोरों पर है।

विस्थापित अनदेखी का शिकार

कसोल विकास मंच के संयोजक व कृषि सेवाएं से सेवानिवत्त डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश चंद ठाकुर और युवा पवन कुमार ने बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन भी विस्थापितों को अनदेखा कर रही है। अब सतलुज सागर मोक्षधाम का निर्माण का कार्य कसोल विकास मंच ने उठाया है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन की क्षेत्र के विकास की ओर से नजरे हट गई है। यही नहीं कोल डैम में स्पोर्ट्स गतिविधियां व पर्यटन को बढ़ावा देने से यहां के विस्थपितों को रोजगार के साधन भी पैदा होने थे। लेकिन अभी तक यह सब गतिविधियां ठंडे बसते में पड़ी है।

50 हजार फलदार पौधे रोपेगा उद्यान विभाग

बिलासपुर । एक ओर जहां बरसात का मौसम पूरे यौवन पर है। वहीं यह मौसम फलदार व औषधीय एवं अन्य प्रकार के पौधों की रोपित करने के लिए बेहतर है। जिसके चलते बिलासपुर जिले में उद्यान विभाग भी चारों विकास खंडों में इस बार लगभग 50 हजार फलदार पौधे रोपित करेगा। जिसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। विभाग द्वारा बागवानों की मांग के अनुसार उन्हें फलदार पौधे उपलब्ध करवाएगा। यहां की भूगौलिक व जलवायु के हिसाब से पैदावार की दष्टि से जो फलदार पौधे बेहतर है। इनमें आम,अमरूद, नींबू, संतरा, गलगल व अन्य पौधे शामिल है। बिलासपुर में खासकर आम की पैदावार प्रदेश के अन्य जिलों से बेहतर होती है। जिस कारण अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आम के बागीचे देखे जा सकते हैं। यह पौधे विभाग की नर्सरियों में वानिकी विशेषज्ञों की देखरेख में तैयार किए गए है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बागवानों को यह पौधे विभाग की नर्सरियों मे उपलब्ध है। जहां से वह बरसात के मौसम में लगने वाले फलदार पौध ले सकते हैं।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्सः +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

30 जून 2023 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2022 अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	34,873	73,698	21,062
2.	कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,349)	(68,919)	(13,379)
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	(6,349)	(68,919)	(13,379)
4.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,488)	(67,069)	(12,979)
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा कर पश्चात् अन्य व्यापक आय शामिल]	(6,533)	(66,875)	(12,988)
6.	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त		1,41,036	
7.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	32,595	32,595	27,728
8.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(1.99)	(20.58)	(4.68)
	तरल (रु. में)	(1.99)	(20.58)	(4.68)

टिप्पणियाँः
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा इसके पश्चात् 29 जुलाई 2023 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी : (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2023 अनअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2023 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.06.2022 अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	28,862	58,332	17,277
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,736)	(31,522)	(10,077)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(6,736)	(31,522)	(10,077)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
देवांश जैन
निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 29 जुलाई, 2023